## Regarding Construction of New Railway Line and a New Train from Sagar to Nagpur

**डॉ. लता वानखेड़े (सागर) :** माननीय सभापति जी, मैं आपका बहुत धन्यवाद ज्ञापित करती हूं । आज मेरा सदन में पहला वक्तव्य है । मैं सागर लोक सभा क्षेत्र की जनता को भी धन्यवाद ज्ञापित करना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे पंच से पार्लियामेंट तक पहुंचाया है । मैं सागर लोक सभा बुंदेलखंड, मध्य प्रदेश से आती हूं । विदिशा जिले की तीन विधान सभाएं कुरवाई, शमशाबाद और सिरोंज ऐसी हैं, जहां अभी भी ट्रेन रूट का अभाव है । मैं यशस्वी रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहती हूं कि भोपाल से बहरसिया, शमशाबाद, सिरोंज, आरोन, गुना रेलवे लाइन जिसका पूर्व में भी सर्वे हो चुका है, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है । इसका प्राथमिकता से रेल मार्ग निर्माण का कार्य प्रारम्भ कराने की कृपा करें, जिससे यातायात सुगम हो सके और हमारे क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो सके ।

महोदया, मेरा एक निवेदन और है कि सागर से साउथ की तरफ जाने के लिए एक भी ट्रेन नहीं है और हमें सागर से नागपुर ट्रेन की बहुत आवश्यकता है क्योंकि सागर से अधिकांश लोग ट्रीटमेंट के लिए नागपुर जाते हैं । उन्हें आने-जाने के लिए बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है, इसलिए मेरा माननीय रेल मंत्री जी से करबद्ध निवेदन है कि तत्काल सागर से नागपुर के लिए ट्रेन चलाने की कृपा करें । धन्यवाद ।